an>

Title: Need to provide adequate power supply in Sonbhadra district in Robertsganj Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

**श्री छोटेलाल (राबर्ट्सगंज) :** अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे शून्य काल में एक अत्यंत गंभीर मामले पर बोलने का अवसर दिया, उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मेरे संसदीय क्षेत्र राबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र, उत्तर प्रदेश में एनटीपीसी विद्युत उत्पादन करता है। वहां स्थानीय निवासियों को प्रतिदिन तीन से चार घंटे तक विद्युत की आपूर्ति नहीं हो पा रही, जिसके कारण उन्हें भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है जबकि भारत सरकार, गृह मंत्रालय के अनुसार सोनभद्र विशेष वामपंथ उग्रवाद प्रभावित जिला है। वह माननीय गृह मंत्री जी का भी घर है।

अतः मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र राबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र एवं चंदोली जिला के चकिया विधान सभा में प्रतिदिन कम से कम 22 घंटे विद्युत आपूर्ति कराये जाने की व्यवस्था की जाये।

**माननीय अध्यक्ष :** ज्यादातर मैम्बर्स स्टेट मैटर उठा रहे हैं। वह एलाऊ तो हो रहे हैं, लेकिन मेरा सबसे निवेदन है कि अगर आप केन्द्र से संदर्भित मैटर उठायें, तो ज्यादा अच्छा होगा।

â€¦(व्यवधान)